VARDHMAN NEWS™ VN NEWS पढ़मं नाणं तओ दया BEAWAR (RAJ.)

वर्द्धमान News

Digital Edition — शिक्षा का उजियारा

वर्ष 01 अंक 03 | ब्यावर, 19 फरवरी 2025, बुधवार | Email : vardhmannewsbwr@gmail.com | पृष्ठ : 04 | मूल्य : निःशुल्क









वर्द्धमान रूट्स में एस.एस. रांका विंग का उद्घाटन





























ब्यावर/वर्द्धमान न्यूज

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति ब्यावर द्वारा संचालित वर्द्धमान इंटरनेशनल स्कूल परिसर में नवनिर्मित एसएस रांका विंग का उद्घाटन 19 फरवरी बुधवार को एक भव्य समारोह के बीच सम्पन्न हुआ।

वर्द्धमान इंटरनेशनल स्कूल केम्पस में स्व.सेठ श्री रतनचंद जी-श्रीमती गोदी बाई, भामाशाह संघवी सेठ स्व.श्री कन्हैयालाल जी- सुन्दर बाई रांका की स्मृति में राजस्थान रत्न संघवी सेठ श्री सुभाषचंद जी- कस्तूरी बाई रांका परिवार (चेन्नई-ब्यावर-जैतारण) एवं स्व. सेठ श्री शम्भूमल जी रांका की पुण्य स्मृति में श्रीमती लादी बाई जी रांका की सद्प्रेरणा से सेठ श्री कंवरलाल जी रांका- श्रीमती चंद्रिका देवी, सेठ श्री बलवंत जी रांका- श्रीमती पुष्पा, सेठ श्री यशवंत जी रांका- श्रीमती ऋतु एवं रांका परिवार के अर्थ सहयोग से एस. एस. रांका विंग में बने आधुनिक एवं पूर्णतया वातानुकूलित 6 कक्षा-कक्षो का निर्माण भामाशाह रांका परिवार के अर्थ सहयोग द्वारा किया गया है।

वर्द्धमान गर्ल्स कॉलेज केम्पस से बैंड की सुमधुर लहरियों के बीच एवं वर्द्धमान रूट्स के नन्हे बच्चों ने करतल ध्वनि से समस्त आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया। उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रांका परिवार से राजस्थान रत्न संघवी सेठ श्री सुभाषचंद जी रांका, श्रीमती लादी बाई रांका, श्रीमती चंद्रिका देवी, श्री अशोक जी रांका, श्री कंवरलाल जी रांका, श्री यशवंत जी रांका एवं परिवारजनों द्वारा फ़ीता काटकर एवं विधिवत मंत्रोचार एवं नवकार मंत्र जाप के साथ भामाशाह परिवार के नाम-पट्टिका अनावरण के साथ शुभारंभ किया गया।

भामाशाह परिवार के सम्मान समारोह में श्री सुभाष चंद जी रांका, श्रीमती लादी बाई रांका, श्रीमती चंद्रिका देवी, श्री अशोक जी रांका, श्री कंवरलाल जी रांका, श्री यशवंत जी रांका, श्रीमती संगीता बांठिया, सुदर्शन छाजेड़ आदि का माला, शॉल, साफा पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर अभिनन्दन किया गया। स्वागत उदबोधन में मंत्री डॉ नरेन्द्र पारख ने दानशीलता को पारिवारिक आनुवांशिक गुण बताते हुए भामाशाह परिवार के शिक्षण सहयोग के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की तथा शिक्षण संस्थानों एवं शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में रांका परिवार द्वारा उदारतापूर्वक किये गये योगदान पर प्रकाश डाला। भामाशाह राजस्थान रत्न श्री सुभाष चन्द रांका ने अपने उद्बोधन में बताया कि दान सुपात्र को देने से यथार्थ रूप से सफल होता है। महिला सशक्तिकरण हेतु सहयोग मानवता का निर्माण करता है। सहज भाव से दान को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाना चाहिए।

कार्यक्रम में श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के अध्यक्ष शांतिलाल नाबरिया, उपाध्यक्ष प्रकाश गदिया, मंत्री डॉ नरेंद्र पारख, सहमंत्री सुनील कुमार ओस्तवाल, कोषाध्यक्ष रमेश चंद मेड़तवाल, प्रबंध कारिणी सदस्य दुलराज मकाणा, चंदूलाल कोठारी, उत्तमचंद देरासरिया, रविन्द्र लोढ़ा, महेंद्र सांखला, अरविंद मूथा, एवं समिति सदस्य सुरेश चंद कांकरिया, कंवरलाल रांका, पारसमल खेतपालिया, प्रवीण खेतपालिया,धनपतराज श्रीश्रीमाल, आदि मौजूद रहे।



बच्चों ने दी आकर्षक प्रस्तुतियां

वर्द्धमान ऑडिटोरियम में रंगबिरंगी लाइट्स से सुसज्जित मंच में श्री वर्द्धमान कन्या पीजी महाविद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। वर्द्धमान इंटरनेशनल स्कूल की रूट्स विंग के नन्हे बच्चों ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुति ने जमकर दाद बटोरी।

अकादमिक निदेशक डॉ आर. सी. लोढा ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए भामाशाह परिवारों के सहयोग से निरन्तर विकास की ओर अग्रसर महाविद्यालय एवं विद्यालयों की भौतिक एवं शैक्षणिक प्रगति का उल्लेख किया। कार्यक्रम का संचालन कॉलेज व्याख्याता निधि पंवार ने किया।

मिनी बाल वाहिनी हेतु अर्थ सहयोग

कार्यक्रम में भामाशाह प्रसिद्ध समाजसेवी राजस्थान रत्न संघवी सेठ श्री सुभाषचंद जी नरेश कुमार जी रांका(चेन्नई) द्वारा श्री वर्द्धमान इंटरनेशनल स्कूल में उपयोगतार्थ एक मिनी बाल वाहिनी हेतु ग्यारह लाख रुपए के अर्थ सहयोग प्रदान करने की घोषणा की।

कभी अलविदा ना कहना...

गोठी स्कूल में 12वीं स्टूडेंट का फेरवेल



ब्यावर/वर्धमान न्यूज

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित भंवरलाल गोठी पब्लिक सीनियर सेकंडरी विद्यालय में 12 फरवरी को कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया

कार्यक्रम में सीनियर सैकण्ड्री के विद्यार्थियों को भारतीय पारंपरिक वेशभूषा में सम्मिलित होना रहा। विद्यार्थियों का स्वागत विद्यालय बैंड के साथ कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने तिलक लगाकर व मिठाई खिलाकर किया तत्पश्चात विज्ञान, कला वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक भावभीनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने विदाई गीत व नृत्य प्रस्तुत कर सभी को भाव विभोर कर दिया विद्यालय की संगीत शिक्षिका दिव्या अग्रवाल व शारीरिक शिक्षक समीर एस. कुमार के निर्देशन में अध्यापकों द्वारा विदाई गीत व वाद्य यंत्रों पर मधुर गीतों की प्रस्तुति देकर भावनाएं व्यक्त की गई। वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ नरेंद्र पारख एवं निदेशक डॉ आर सी लोढ़ा, विद्यालय प्राचार्य धर्मेंद्र कुमार शर्मा, उप प्राचार्य श्रीमती सुनीता चौधरी व सभी अध्यापक अध्यापिकाओं द्वारा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य एवं उनके लक्ष्य तक पहुंचने के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की गई।











ग्रुप फोटो मिली तो हर्षाया मन...

भंवरलाल गोठी स्कूल के 12वीं कक्षा में विदा ले रहे समस्त विद्यार्थियों को स्कूल की स्मृतियों को जीवन भर संजोए रखने के लिए पहली बार श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ नरेंद्र पारख की पहल पर तीनों संकाय के 135 विद्यार्थियों को कक्षा-ग्रुप की बड़ी साइज की फोटो मय फ्रेम सहित निःशुल्क प्रदान की गई जिसे पाकर सभी सीनियर स्टूडेंट बड़े खुश दिखाई दिए। कार्यक्रम के समापन में समस्त आगंतुकों के लिए स्वादिष्ट अल्पाहार की व्यवस्था भी की गई।



































कैनवास पर उकेरी बादशाह मेला, गणगौर सवारी की झलक





ब्यावर/वर्द्धमान न्यूज

सेंदड़ा रोड स्थित नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ में शनिवार को इंटैक की रंगारंग भारत राष्ट्रीय पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें शहर की 17 स्कूलों के 148 बच्चों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने स्थानीय त्योहार, परम्परा, रीति-रिवाज, अनुष्ठान, सामाजिक प्रथा आदि को बखूबी दर्शाकर उसमें अपनी भावनाओं के रंग उकेरे। समन्वयक रामप्रसाद कुमावत ने बताया

इन्टैक की रंगारंग भारत पोस्टर प्रतियोगिता

कि 90 मिनट की इस प्रतियोगिता में बच्चों ने ब्यावर के तेजा मेले, बादशाह मेले, गणगौर सवारी, दीपावली की साज-सज्जा, ईद-मिलन का दृश्य, दशहरा मेला, लोककला-फड़ शैली, जगन्नाथ यात्रा, लाल किला, ब्यावर रेलवे स्टेशन पर जल सेवा के पोस्टर के साथ करीब 200 शब्दों का आलेख भी संबंधित चित्र के बारे में लिखकर स्थानीय अमूर्त संस्कृति की जानकारी दी। ब्यावर अध्याय के को कन्वीनर श्याम शर्मा ने बताया कि रंगारंग भारत पोस्टर प्रतियोगिता में स्थानीय स्तर पर मंगल-न्यूटन, भंवरलाल गोठी उमावि, के.डी. जैन, बाल मंदिर, नृसिंह अग्रेसन जैन विद्यापीठ, आदर्श विद्या मंदिर, सेंटपॉल, गोदावरी, सेन्ट्रल अकादमी, शाहपुरा मौहल्ला, डिग्गी गर्ल्स उमावि, बांगड़ पब्लिक, केन्द्रीय विद्यालय, सरमालिया स्कूल आदि के बच्चों ने हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। समिति के उत्तम भण्डारी ने बताया कि सभी प्रतियोगियों को प्रमाण-पत्र दिए जायेंगे। राज्य स्तरीय श्रेष्ठ 100 विजेताओं तथा राष्ट्रीय स्तर पर श्रेष्ठ 10 विजेताओं को ट्रॉफी एवं पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। उन्हें तीन दिवसीय भ्रमण पर भी ले जाया जाएगा। जिसका व्यय-भार संस्था वहन करेगी। प्रतियोगिता के दौरान सांस्कृतिक सचिव डा. नरेन्द्र पारख, जे.पी. शर्मा, एसएन अग्रवाल, एमएम मोदी, रमेश यादव, मानसिंह, गोरधनसिंह मौजूद थे।



नशामुक्त हो अपना देश...
वर्द्धमान गर्ल्स कॉलेज में नशामुक्ति रैली





ब्यावर/वर्द्धमान न्यूज

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. आर. सी. लोढ़ा के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना व रेड रिबन के संयुक्त तत्वावधान में नई किरण-नशा मुक्त भारत अभियान के तहत महाविद्यालय में लघु नाटिका व नारों के माध्यम से नशा मुक्ति हेतु संदेश प्रसारित किया गया। छात्राओं ने हम सबका है यह संदेश, नशामुक्त हो अपना देश जैसे नारे से महाविद्यालय प्रांगण को गुंजायमान कर दिया। नशे से रिश्ता तोडो अपनों से नाता जोड़ो का संदेश देती हुई लघुनाटिका ने सभी छात्राओं के मन को मोहित कर दिया। इस अवसर पर अकादमिक प्रभारी डॉ. नीलम लोढ़ा ने छात्राओं को बताया कि नशा मुक्ति एक सामाजिक चुनौती है जिसे जागरूकता से दूर किया जाएगा। नशे से बचाव के लिए सात्विक आहार, स्वच्छ आचार-विचार और स्वस्थ दिनचर्या अपनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में रेड रिबन अधिकारी निधि पंवार ने नशे के दुष्परिणामों से छात्राओं को अवगत कराया। एनएसएस अधिकारी प्रीति शर्मा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया तथा संचालन कोमल गुप्ता ने किया।

जीरो से हीरो बनने के लिए कड़ी मेहनत-सच्ची लगन जरूरी : कमलेश मेहता

ब्यावर/वर्द्धमान न्यूज़

जीरो से हीरो बनने की एक सच्ची कहानी है कमलेश सी. मेहता की... जो ब्यावर के पिपलिया बाज़ार के प्रतिष्ठित जैन परिवार में जन्मे एवं ब्यावर की तंग गलियों में खेलकर पले-बढ़े, जिन्होंने बचपन से ही अपने लक्ष्य को निर्धारित करते हुए आगे बढ़ने की ठानी। उसका परिणाम यह है कि कमलेश जी मेहता का नाम आज देश और दुनिया में किसी परिचय का मोहताज नहीं है वो विश्व के शक्तिशाली देश अमेरिका के सशक्त बिज़नेसमैन के साथ अमरीकी मिडिया की जानी मानी हस्ती है। वर्तमान में वो भारत-अमेरिका के संबंधों के बीच सेतुबंध की भूमिका निभा रहे है।

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय में साउथ एशियन टाइम्स, यू.एस.ए. के चेयरमेन कमलेश जी मेहता का स्वागत महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आर. सी. लोढ़ा, श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख ने पुष्पगुच्छ, माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह भेट कर किया।

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख ने स्वागत भाषण में श्री मेहता के बारे बताया कि आपने ब्यावर से लेकर अंतरराष्ट्रीय पटल पर अपनी एवं ब्यावर की अमूल्य पहचान बनाते हुए ब्यावर का नाम गौरवान्वित किया है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेहता ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि मूल्य शिक्षा का महत्व जिज्ञासा जगाने और मूल्यों एवं हितों को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है तथा आगे चलकर कौशल विकास में मदद करती है। उन्होंने श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा उच्च स्तरीय सुविधाएं महाविद्यालय में उपलब्ध करवाने की प्रशंसा की। कमलेश जी मेहता द्वारा महाविद्यालय में संचालित फैशन डिजाइनिंग, मेकअप आर्टिस्ट, बी सी.ए., साइंस, योगा, म्यूजिक आदि लैब्स तथा संचालित पाठ्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर अवलोकन किया गया। कार्यक्रम में पेगमा रिसोर्स प्रा. लि. के निदेशक श्री सचिन नाहर, अकादमिक प्रभारी डॉ. नीलम लोढ़ा, समस्त संकाय सदस्य, कर्मचारीगण एवं बड़ी संख्या में छात्राऐ उपस्थित रही।

कार्यक्रम का संचालन निधि पवार ने किया।

वर्द्धमान गर्ल्स कॉलेज में किया बहुमान









शुद्ध एवं श्रेष्ठ सोच, सार्थक प्रयास से पा सकते है सफलता

वर्द्धमान कॉलेज में छात्राओं से रूबरू होते हुए मुख्य अतिथि कमलेश जी मेहता ने अपने उद्बोधन में कहा कि श्रेष्ठ सोच एवं सार्थक प्रयास द्वारा जीवन के किसी भी क्षेत्र में आसानी से सफलता प्राप्त की जा सकती है। सर्व प्रथम सफलता प्राप्त करने के लिए किसी भी व्यक्ति के पास श्रेष्ठ सोच का होना अति आवश्यक है क्योंकि विचार ही तो वो बीज है, जो कुछ समय पश्चात एक विशाल वृक्ष का रुप लेने वाला है। विचार जितने शुद्ध एवं श्रेष्ठ होंगे, जीवन उतना ही दिव्य बन पायेगा। मुझे ब्यावर वासी एवं जैन होने का गर्व है।

ब्यावर की मिट्टी की खुशबू एवं मातृ भूमि की यादें ही ब्यावर खींचती है

आज से 40 साल पहले 1985 मे कमलेशजी मेहता अमेरिका चले गये थे आज वो अमेरिका के प्रमुख शहर न्यूयार्क में जवाहरात कारोबार की प्रमुख सख्सियत के साथ अमेरिका मीडिया में 'द साउथ एशिया टाईम्स' के चेयरमैन हैं।

पाश्चात्य संस्कृति में रहने के बावजूद अपनी भारतीय संस्कृति को ध्यान में रखते हुए इनके समाचार पत्र की ख़ासियत है कि शराब, डांस बार, पब, नानवेज रेस्तरां के विज्ञापन किसी भी किमत पर नहीं छापते है। डिजिटल प्रिन्ट मिडिया के इस प्रतिष्ठित समाचार पत्र की पहुँच अमेरिका ही नहीं बल्कि साउथ एशिया सहित भारतवर्ष में है।

तन भले ही अमेरिका में बसता है लेकिन मन मातृभूमि (भारत) में अटका रहता है। उनका जब भी मन करता है वो भारत आ ही जाते है।

उन्हें अपनी जन्मभूमि से आज भी लगाव है। इस बारे में उनका कहना है कि मेरा देश भारत एवं मेरी जन्मभूमि ब्यावर मेरी आत्मा है। अपनी मातृभूमि ब्यावर में अनेक रचानात्मक एवं सृजनात्मक प्रोजेक्ट को धरातल पर देखना उनकी प्रमुख मंशा है। उनका कहना है कि वो अमेरिका में डॉलर कमा कर हिंदुस्तान में रुपया खर्च करना चाहते है।









श्री वर्द्धमान कन्या पीजी महाविद्यालय का विहंगम छायाचित्र



श्री वर्द्धमान कन्या पीजी महाविद्यालय ब्यावर कॉलेज परिसर देखकर हर्षाया मन : कमलेश मेहता



